—प्रेस नोट—
जनपद मीरजापुर

दिनांक 21.02.2021

थाना हलिया पुलिस द्वारा ट्रक से वध हेतु ले जाये जा रहे कुल 20 राशि गोवंश बरामद, एक अभियुक्त गिरफ्तार—

अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ व पशु तस्करों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक-21.02.2021 को व0उ0नि0 रमाकंत सिंह यादव थाना हलिया व उ0नि0 योगेन्द्र कुमार पाण्डेय चौकी प्रभारी ड्रमडगंज थाना हलिया मयहमराह पर वाहन चेकिंग में मामूर थे कि इस दौरान मुखबीरी सूचना पर मध्य प्रदेश से आर रहे ट्रक संख्या यूपी 73 ए 3142 जिसके पीछे यूपी 70 एटी 4719 का नंबर प्लेट लगा हुआ था को ड्रमंडगंज बाजार से हिकमत अमली से रोक कर 20 अदद गोवंश बरामद किया गया, जिसमें चालक व वाहन मालिक भागने में सफल रहे व क्लीनर सुरेश कोरी पुत्र स्व0 जगमोहन कोरी निवासी देवीगंज थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को समय 14.10 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद 20 गोवंशो में से एक की मृत्यु हो चुकी थी, जिसका नियमानुसार पोस्टमार्टम करा कर आवश्यक कार्यवाही की गयी। इस संबंध में थाना हलिया पर धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम तथा धारा 467,468,471 भा0द0वि0 का अभियोगं पंजीकृत किया गया एवं वाहन को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त नें पूछताछ में बताया की हमलोग ट्रक का नंबर बदल –बदल कर धोखा देकर पशुओं की तस्करी करते है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता—

क्लीनर सुरेश कोरी पुत्र स्व0 जगमोहन कोरी निवासी देवीगंज थाना सैनी जनपद कौशाम्बी।

विवरण बरामदगी:-

1- कुल 20 राशि गोवंश (01 मृत) ।

2- ट्रक वाहन संख्या यूपी 73 ए 3142,

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-

1. व0उ0नि0 रमाकंत सिंह यादव थाना हलिया मीरजापुर ।
2. उ0नि0 योगेन्द्र कुमार पाण्डेय चौ0 प्र0 ड्रमडगंज थाना हलिया मीरजापुर ।
3. हे0का0 अखिलेश सिंह थाना हलिया मीरजापुर ।
4. हे0का0 अजय सिंह थाना हलिया मीरजापुर।

5. हे0का0 उमेश सिंह थाना हलिया मीरजापुर।
6. का0 जयप्रकाश यादव थाना हलिया मीरजापुर।
7. का0 संजित कुमार थाना हलिया मीरजापुर ।